Need to improve healthcare facilities and infrastructure in GMCH, Purnia, Bihar- Laid

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया) :** मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र जीएमसीएच पूर्णिया में चिकित्सकों की भयावह कमी, फंड अभाव, निर्माण कार्य ठप, तथा Construction Company ने अस्पताल की लिफ्ट पर ताला लगा दिया है । कई वार्ड/कमरों को ताला लगाकर बंद कर दिया गया है । दैनिक भास्कर समाचार अनुसार अत्यंत चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं । मेडिकल कॉलेज में 200 डॉक्टरों की आवश्यकता है, जबकि केवल 40 डॉक्टरों पर संपूर्ण संचालन निर्भर है । स्वीकृत 500 बेड क्षमता में से मात्र 300 बेड ही कार्यरत है । ICU, Modular OT, SNCU/PICU, Speciality Ward, Trauma Unit का निर्माण फंड अभाव के कारण रुका हुआ है । मरीजों को उचित उपचार हेतु लंबा इंतजार एवं गंभीर जोखिम का सामना करना पर रहा है । यह मामला लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य व जीवन सुरक्षा से जुड़ा है, अतः केंद्र सरकार का त्वरित हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक है ।

____

माननीय सभापति**:** स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 माननीय वित्त मंत्री जी ।

14.05 hrs